# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
# जिला – बीजापुर (छ.ग.)

–:: विज्ञापन ::–

क्रमांक/94/जि.नि.अ./स्था./वि.स.चु./2023 बीजापुर, दिनांक 23/05/2023

छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी (निर्वाचन) कार्य विभाग के पत्र क्रमांक 241/स्था./वि.स.नि./2023/1649 दिनांक 11.05.2023 के द्वारा दिये निर्देशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन–2023 के अतिरिक्त कार्य को सम्पन्न कराने हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–बीजापुर (छ.ग.) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) कार्यालय के लिए प्रस्तावित अस्थाई पदों की पूति हेतु निम्नानुसार संविदा/कलेक्टर दर के पदों को दिनांक **01-06-2023** से **30-11-2023** तक की अवधि के लिये भर्ती हेतु आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से दिनांक **05-06-2023** तक आमंत्रित किया जाता है ।

| क्र. | पदनाम | कुल पद | अनुसूचित जाति | | अनु.जन जाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनारक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | सहायक ग्रेड़–03 | 05 | – | – | 03 | 01 | 01 | – | – | – |
| 2 | भृत्य | 03 | – | – | 02 | – | 01 | – | – | – |

**नियुक्ति प्राधिकारी :–**

नियुक्ति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला बीजापुर द्वारा की जावेगी ।

**शैक्षणिक योग्यता/वेतनमान/तकनीकी अर्हताएं/निवासी (सहायक गेड़ –03 – 05 पद)**

(I) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(II) वेतनमान रूपये – सातवें वेतनमान के मान से मैट्रिक लेबल – 04 पर एकमुश्त संविदा वेतन

(III) शैक्षणिक योग्यता – (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

(2) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा,

(3) कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) ।

(IV) निवासी – छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है ।

Scanned with OKEN Scanner

भृत्य पद हेतु योग्यता :– कलेक्टर दर पर

**(I)** मान्यता प्राप्त संस्था/बोर्ड से कक्षा–आठवी उत्तीर्ण होना चाहिए।
**(II)** छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है ।

**नियम एवं शर्तें:–**

**1. आयु सीमा :–**

(क) आयु दिनांक 1–1–2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। शासन द्वारा समय–समय में जारी आयुसीमा में छूट का प्रावधान रहेगा।

(ख) सामान्य वर्ग के आवेदक की आयु (छ.ग. के निवासी हेतु) दिनांक 1–1–2023 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष तथा अन्य विशेष वर्ग जैसे – अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग आदि के लिए अधिकतम आयुसीमा में जो छूट है वह लागू रहेगी, परन्तु उपरोक्त सभी प्रकार के छूट को सम्मिलित करने के बाद अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।

(ग) संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों को शासकीय सेवा में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट दी जावेगी, जितने वर्ष उसने संविदा के रूप में सेवा की है। यह छूट अधिकतम 38 वर्ष की आयुसीमा तक रहेगी।

2. विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में छूट 45 वर्ष से अधिक नही होगी।
3. उपरोक्त सभी नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाऐं, माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल. पी. (सी.) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगा ।
4. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन अनिवार्य है।
5. वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 05.06.2023 को शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के द्वारा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला बीजापुर (छ.ग.) पिन 494444 के पते पर प्राप्त हो जाना चाहिए। विलंब से प्राप्त आवेदन के ऊपर विचार नही किया जावेगा। व्यक्तिगत रूप से आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।
6. उम्मीदवार को अपनी आयु समर्थन में हाईस्कूल/आठवी की अंकसूची की स्वयं द्वारा सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. अन्य शासकीय/ अर्द्ध शासकीय अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा।
8. इस विज्ञापन जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन मान्य नही किए जावेगें।
9. किसी भी उम्मीदवार को किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नही होगा।
10. शासन द्वारा भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है तो इस विज्ञप्ति में लागू होगा।
11. भर्ती प्रकिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर, बीजापुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
12. अपूर्ण, अस्पष्ट अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में पृथक से कोई सूचना जारी नही की जावेगी एवं ऐसे आवेदन अमान्य कर दिए जावेगें।
13. विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। जिसे बढ़ाया/**अथवा** कम किया जा सकता है और निरस्त भी किया जा सकता है।
14. विकलांग उम्मीदवार को विकलांगता के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. प्रमाण पत्रों के परीक्षण के समय आवेदक को अपना शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

छत्तीसगढ़ समाचार

Scanned with OKEN Scanner

16. **सहायक वर्ग–3 के पद हेतु चयन प्रकिया :–** शैक्षणिक योग्यता के मेरिट एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के मेरिट के आधार पर किया जावेगा । किन्तु कौशल परीक्षा में न्युनतम अंक 40 प्राप्त करना अनिवार्य होगा तभी मेरिट सूची में शामिल किया जावेगा ।
17. शैक्षणिक योग्यता का 50 % एवं कौशल परीक्षा का 40 % के मान से चयन किया जावेगा ।
18. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो, की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी। साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
19. अनुभव का अधिकतम 10 अंक प्रदाय किया जायेगा ।
20. लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में आवेदित पद का नाम एवं भेजने वाले का पूरा नाम व पता लिखा हुआ होना चाहिए ।
21. आवेदन पत्र में आवेदक का हस्ताक्षर नहीं होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा।
22. संविदा पर नियुक्ति व्यक्ति को सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा नियुक्ति शासकीय सेवक के रूप में जितनी अवधि तक सेवा दी गई है उस अवधि के लिये किसी भी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नहीं होगी ।
23. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जावेगा ताकि यदि आगामी वर्ष हेतु पुनः संविदा नियुक्ति दी जानी हो तो इसके आधार पर कार्य का मूल्यांकन हो सके ।
24. विज्ञापन/आवेदन प्रारूप जिले के वेबसाईट bijapur.gov.in पर उपलब्ध है ।

**टीप :– उक्त अस्थाई पदों की पूति में निर्वाचन संबंधी कार्य कर चुके कर्मचारियों को प्राथमिकता दिया जायेगा ।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला– बीजापुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

सत्यापित पासपोर्ट फोटो

प्रति,

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला – बीजापुर (छत्तीसगढ)

1. आवेदित पद का नाम : ..........................................
2. साफ–साफ अक्षरों में :–
   (क) पूरा नाम (हिन्दी में) : ..........................................
   (ख) पूरा नाम (अंग्रेजी में) : ..........................................
   (ग) पिता/पति का नाम : ..........................................
   (घ) वर्तमान डाक का पता जिस पर पत्र व्यवहार किया जायेगा : ..........................................
   : ..........................................
   : ..........................................
   (ड़) स्थायी डाक का पता : ..........................................
   : ..........................................
   : ..........................................

3. (क) जन्मतिथि हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण–पत्र में दर्ज हो : .................. वर्ष .................. माह ............दिन
   (ख) दिनांक 01–01–2023 को आयु : .................. वर्ष .................. माह ..................दिन
   (ग) जन्म स्थान ग्राम ..................पोष्ट..................
   तहसील .................. जिला ..................
   प्रदेश .................. पिन ..................
4. रोजगार कार्यालय का नाम : ..........................................
   जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र कमांक ..................दिनांक ..................
5. आवेदक की जाति : ..........................................
   आवेदक का जाति का विवरण जहां लागू हो कृपया (सही) चिन्ह लगावें।

| अजजा | अजा | अपिव | सामान्य | महिला | पुरुष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

6. शैक्षणिक योग्यता

| कं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्ताक | पूर्णांक | प्राप्त अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

7. अन्य अनुभव :–

| कं. | पद | संस्थान | अवधि | अनुभव का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

9. क्या उम्मीदवार विवाहित है। हॉ/ नही :..........................................................................................

10. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि : ..........................................................................................

21. जीवित बच्चों की संख्या : ..........................................................................................

| कमांक | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

1. संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति की सूची :–

1. ..........................................................2.: ..........................................................

3 ..........................................................4.: ..........................................................

5. ..........................................................6. ..........................................................

7. ..........................................................8. ..........................................................

9: ..........................................................10 ..........................................................

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूं कि मैने विज्ञापित पात्रता की शर्तो को ध्यान से पढ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा और परीक्षा में उर्त्तीण एवं चयन के उपरांत भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुंझे नहीं होगा।

मूल दस्तावेज प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम व पता

Scanned with OKEN Scanner